'<u>हिन्दी काव्य पाठ प्रतियोगिता</u>' (प्राइमरी 2017)

बच्चों के चहुमुखी विकास के लिए हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल के प्राइमरी विभाग में 'हिन्दी काव्य पाठ प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। प्राइमरी विभाग की कक्षा एक से लेकर चार तक के सभी बच्चों ने कविता - पाठ की ज़ोर शोर से तैयारी की।

12 जनवरी 2017 को सभी हाउस के 'कब कप्तानों' के संचालन में कविता - पाठ आरम्भ हुआ। काव्य - पाठ के पहले चरण में कक्षा एक तथा दो के विद्यार्थियों ने अपनी बाल सुलभ आवाज़ में देशप्रेम, हास्यरस तथा प्रकृति प्रेम से भरी कविताएँ सुनाकर सबका मनमोह लिया। कविता पाठ के दूसरे चरण में कक्षा तीन तथा चार के विद्यार्थियों ने अपनी आयु के अनुसार कुछ गम्भीर कविताएँ सुनाकर वातावरण को चमत्कृत कर दिया। बच्चों के स्पष्ट उच्चारण, स्वर के उतार- चढ़ाव तथा भाव पूर्ण अभिव्यक्ति की निर्णायक गण द्वारा सराहना की गई।

प्रतियोगिता के प्रथम चरण के विजेता हुए –

प्रथम स्थान - Jaguar House

द्वितीय स्थान Panther House

तृतीय स्थान Tiger House and Panther House (tie)

प्रतियोगिता के द्वितीय चरण के विजेता हुए –

प्रथम स्थान - Lion House

द्वितीय स्थान - Tiger House

तृतीय स्थान - Lion House

दोनों चरणों के समस्त प्रतियोगियों के अंकों की गणना के अनुसार परिणाम इस प्रकार हैं -

प्रथम स्थान - Tiger House

द्वितीय स्थान - Lion House

तृतीय स्थान - Jaguar House

निर्णायकों द्वारा परिणाम घोषणा तथा 'कब कप्तान' के धन्यवाद के शब्दों के साथ प्रतियोगिता समाप्त हुई।